http://www.cgboardonline.com

कोड-03

# अर्धवार्षिक परीक्षा 2018-19

कक्षा- नवमीं — विषय - हिन्दी विशिष्ट

समय - 3.00 घंटे — पूर्णांक - 75

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य ।

प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के तीन खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 2 से 6 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 2 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 7 से 10 तक अतिलघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 3 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 11 से 15 तक लघुउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 4 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 16 व 17 तक दीर्घउत्तरीय प्रश्न है, प्रत्येक पर 5 अंक निर्धारित है ।

प्रश्न क्र. 18 निबंधात्मक प्रश्न है, इस पर 8 अंक निर्धारित है ।

---

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए ।

(1) जगदीशचंद्र माथुर की रचना है ।

(अ) अकेली (ब) अपूर्व अनुभव

(स) रीढ़ की हड्डी (द) जामुन का पेड़

(2) पंडवानी के कलाकार है ।

(अ) देवेश शर्मा (ब) रामाधार साहू

(स) अलका चंद्राकर (द) तीजन बाई

(3) चंद खिलौनों के खोने से नहीं मरा करता है ।

(अ) जवानी (ब) सपना

(स) बचपन (द) जीवन

(4) रात-दिन में कौन सा समास है ।

(अ) कर्मधारय (ब) तत्पुरुष

(स) द्वंद्व (द) द्विगु

(5) छत्तीसगढ़ में पहेली को कहते हैं।

(अ) जनउला (ब) पहेली

(स) प्रहेलिका (द) इनमें से कोई नहीं

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए ।

(1) दीपावली के अवसर पर छत्तीसगढ़ में ---------- गाने की परम्परा है ।

(2) बुआ का नाम ---------- था ।

(3) प्रत्यय शब्द के ---------- में जुड़ता है ।

P.T.O.

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

(4) संगीत विश्वविद्यालय ---------- में है।

(5) सुरुज टघलत है कविता के कवि ---------- हैं।

(स) उचित संबंध जोड़िए।

| | | | |
|---|---|---|---|
| (1) | मुंशी प्रेमचंद | - | निरीक्षण |
| (2) | सुरुज टघलत हे | - | डॉ. ए.पी.जे अब्दुल कलाम |
| (3) | रीढ़ की हड्डी मुआयना | - | ग्राम्य जीवन |
| (4) | भारत रत्न | - | पवन दीवान |
| (5) | मुकुटधर पाण्डे | - | गोदान |

प्रश्न 2. लेखक ने ऐसा क्यों कहा है कि गुल्ली-डंडा सब खेलों का राजा है ?

प्रश्न 3. निम्नलिखित शब्दों की वर्तनी शुद्ध कीजिए।

(1) बुद्धी (2) स्तेमाल

प्रश्न 4. पेड़ों के चित्कारने से आप क्या समझते हैं ?

प्रश्न 5. दो ऐसे भारतीय वैज्ञानिक के नाम बताइए जिन्होंने विज्ञान के क्षेत्र में बड़ा योगदान दिया है ?

प्रश्न 6. लोक शब्द में गीत जोड़कर लोकगीत शब्द बना है। इसी तरह लोक शब्द में अन्य निम्न शब्द जोड़कर चार नये शब्द बनाइए।

प्रश्न 7. टघल-टघल के सुरुज झरत हे। इस पंक्ति का क्या आशय है ?

प्रश्न 8. बच्चे काम पर जा रहे हैं इस पंक्ति को हमारे समय की सबसे भयानक पंक्ति क्यों कहा गया है।

प्रश्न 9. वाक्य के रेखांकित शब्दों के अनुसार ( ं ) या चंद्रबिंदु ( ँ )लगाए और लिखिए।

(1) राजा ने पंडित जी को ढेर सारी मुदाए दी।

(2) मृत्युदड सुनाने से पहले राजेन्द्र शाह ने पूछा।

(3) दूर-दूर से नृत्य मडलियां आती।

प्रश्न 10. "द ग्रेट पैसिफिक गार्बेज पैच" क्या है ? इसे आधुनिक सभ्यता का क्रूर प्रतीक क्यों माना जाता है ?

प्रश्न 11. संधि विच्छेद कर संधि का नाम लिखिए।

सदैव, शिवालय, मनोरम, सच्चरित्र

अथवा

समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए।

लंबोदर, माता पिता, पंचवटी, राजपुरुष

प्रश्न 12. गांव के पुल का नाम "लाइव रुट ब्रिज" ही क्यों रखा गया होगा ?

अथवा



http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

बहता हुआ झरना हमें किस प्रकार से जीवन जीने का संदेश देता है ?

प्रश्न 13. निम्नलिखित पद्यांश का सप्रसंग भावार्थ लिखिए ।

खोता कुछ भी नहीं यहां पर
केवल जिल्द बदलती पोथी
जैसे रात उतार चांदनी
पहने सुबह धूप की धोती
वस्त्र बदलकर आने वालो !
चाल बदलकर जाने वालो !
चंद खिलौने के खोने से बचपन नहीं मरा करता है ।

अथवा

शांतिपूर्ण लघु ग्राम बड़ा ही सुखमय होता है भाई
देखो नगरो से भी बढ़कर इनकी शोभा अधिकाई
कपल द्वेष छलहीन यहां के रहने वाले चतुर किसान
दिवस बिताते हैं प्रफुल्लित चित्त करते हैं, अतिथि का मान

प्रश्न 14. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए ।

मेरी बहन अमेरिका में हैं । उसने बतया है कि वहां एक चीज होती है - टेलीविजन । यासुकी चान उमंग से भरा बता रहा था । वह कहती है कि जब वह जापान में आ जायेगा तो हम घर बैठे-बैठे ही सूमो कुश्ती देख सकेंगे । वह कहती है कि टेलीविजन एक डिब्बे जैसा होता है ।

अथवा

क्या जवाब दूं बाबू जी ! जब कुर्सी मेज बिकती है तब दुकानदार कुर्सी मेज से कुछ नहीं पूछता सिर्फ खरीददार को दिखला देता है, पसंद आ गई तो अच्छा वरना ।

प्रश्न 15. केकड़ा और ठेगा ने किसान के बेटे की रक्षा किस प्रकार की ?

अथवा

नगरीकरण के कारण लगातार वृक्ष काटे जा रहे हैं, वृक्षों के कटने से प्रकृति पर पड़ने वाले प्रभावों का उल्लेख कीजिए ।

प्रश्न 16. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

कक्षा में बाहर संयम से रहना गंभीरतापूर्वक अध्ययन अध्यापकों के प्रति आदर भाव एवं पारस्परिक व्यवहार में शालीनता के द्वारा विद्यार्थी जीवन में अनुशासन की अभिव्यक्ति होती है । बड़ो के प्रति आदर भाव, छोटों के प्रति दया, अपने सभी काम को समय पर करने अच्छी आदतों को वहन करते, त्याग, सेवा, सहानुभूति, विनय आदि गुणों को धारण करने पर विद्यार्थी अनुशासन का पर्याय बन जाता है ।



http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

प्रश्न (1) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए ।

(2) गद्यांश का सारांश एक तिहाई शब्दों में लिखिए ।

(3) अनुशासन की अभिव्यक्ति कैसे होती है ?

(4) विद्यार्थी अनुशासन का पर्याय कैसे बन जाता है ?

(5) अभिव्यक्ति और अनुशासन में प्रयुक्त उपसर्ग पृथक कीजिए ।

प्रश्न 17. आप सोनल मिश्रा कक्षा 9वीं शास.उच्च.माध्य. विद्यालय उतई में अध्ययनरत है । अपने प्राचार्य को छात्र सहायता कोष से सहायता प्रदान करने हेतु आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा

अपने मित्र को जन्मदिन की बधाई एवं शुभाकामना देने हेतु एक पत्र लिखिए ।

प्रश्न 18. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में सारगर्भित निबंध लिखिए।

(1) स्वच्छ भारत अभियान

(2) पर्यावरण और प्रदूषण

(3) विद्यार्थी जीवन

(4) जीवन में खेलों का महत्व

---00--

http://www.cgboardonline.com
http://www.cgboardonline.com

http://www.cgboardonline.com

Whatsapp @ 9300930012
Your old paper & get 10/-
Paytm or Google Pay